


हिंदी दैनिक खबर

# केशववाणी

हर पल, हमारी खबर


**अनमोल वचन**

उम्र थका नहीं सकती
ठोकरें गिरा नहीं सकती,
अगर जीत हो जितने
की तो परिस्थितियां भी
हरा नहीं सकती ।


शनिवार 28 फरवरी 2026 बर्ष 02 अंक 58 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


## विधानसभा सत्र की समाप्ति के बाद परिसर में भव्य होली मिलन समारोह, मुख्यमंत्री सहित कई दिग्गज नेताओं ने दी शुभकामनाएं

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट, पटना।** बिहार विधानसभा के बजट सत्र की कार्यवाही समाप्त होने के बाद शुक्रवार को विधानसभा परिसर के बाहर पारंपरिक होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सत्र समाप्त होते ही परिसर का माहौल पूरी तरह रंगों और उत्साह से सराबोर हो गया। जनप्रतिनिधियों, मंत्रियों और कर्मचारियों ने एक–दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समारोह में भाग लेते हुए सभी को होली की बधाई दी और आपसी भाईचारे, सद्भाव तथा सामाजिक समरसता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि होली का त्योहार आपसी मतभेदों को भुलाकर प्रेम और सौहार्द के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। समारोह में विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित कई मंत्री और विधायक भी उपस्थित रहे। सभी नेताओं ने पारंपरिक अंदाज में एक–दूसरे को रंग लगाकर शुभकामनाएं दीं और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार की खुशियां साझा कीं।युवा जदयू के प्रदेश सचिव इंजीनियर राहुल राज ने भी समारोह में भाग लिया। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार सहित अन्य नेताओं को होली की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि होली सामाजिक एकता और भाईचारे का प्रतीक है तथा हमें इसे शालीनता और प्रेमभाव के साथ मनाना चाहिए।







समारोह के दौरान पूरे परिसर में हंसी–खुशी और उल्लास का माहौल देखने को मिला। नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एक–दूसरे के साथ रंगों का उत्सव मनाते हुए राज्य की तरक्की और शांति की कामना की।



## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जन्मदिन पर 1 मार्च को कल्याण बीघा में 'विकास दिवस', तैयारियों में जुटे कार्यकर्ता

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट, हरनौत (नालंदा)।** नीतीश कुमार के 1 मार्च को होने वाले जन्मदिन को उनके पैतृक गांव कल्याण बीघा में 'विकास दिवस' के रूप में मनाने की तैयारी जोर–शोर से चल रही है। स्थानीय कार्यकर्ता और ग्रामीण इस दिन को यादगार बनाने के लिए व्यापक तैयारी में जुटे हैं। नगर पंचायत हरनौत के वार्ड संख्या 12 के वार्ड पार्षद प्रतिनिधि संतोष कुमार सिंह, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि कमलेश कुमार उर्फ पिंटू, जदयू नेता कक्कू सिंह, संजय कांत सिंह, अवधेश सिंह, इंजीनियर रवि शंकर कुमार, रविकांत कुमार, रामप्रवेश सिंह तथा चंद्रोदय कुमार उर्फ मुन्ना ने शुक्रवार को बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने 20 वर्षों के कार्यकाल में बिहार को नई पहचान दिलाई है। उन्होंने कहा कि आज बिहार कहलाना गर्व की बात है और राज्य शिक्षा, खेल, रोजगार सहित विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर आगे बढ़ रहा है। संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के जन्मदिन को विशेष बनाने के लिए कल्याण बीघा स्थित स्मृति वाटिका में व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। 1 मार्च को राज्य के विभिन्न जिलों से हजारों कार्यकर्ता पटना में एकत्रित होकर सैकड़ों वाहनों के काफिले के साथ कल्याण बीघा पहुंचेंगे और 'विकास पुरुष' के जन्मदिन को उत्साहपूर्वक मनाएंगे। इस अवसर पर स्मृति वाटिका के समीप स्थित देवी स्थान परिसर में होली मिलन समारोह एवं देव पूजा का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए राष्ट्रीय लव कुश सेवा मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुशवाहा अपने सदस्यों के साथ कल्याण बीघा पहुंचे और व्यवस्था का निरीक्षण किया। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए अंतिम चरण की तैयारियां की जा रही हैं।

## नालंदा और हिब्रू यूनिवर्सिटी ऑफ जेरूसलम के बीच साझेदारी की नई शुरुआत, शैक्षणिक सहयोग को नई दिशा प्रदान करने वाला एमओयू

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट, राजगीर (नालंदा)।** हिब्रू यूनिवर्सिटी ऑफ जेरूसलम ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इजराइली संसद (नेसेट) में दिये गये उनके वक्तव्य के लिए आभार व्यक्त किया। विश्वविद्यालय ने हाल में नालंदा विश्वविद्यालय के साथ एक समझौता ज्ञापन(एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं जो दोनों संस्थानों के बीच बढ़ते शैक्षणिक सहयोग को दर्शाता है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने कहा कि हमारे राष्ट्रों के बीच गहरी साझेदारी शैक्षणिक क्षेत्र में भी परिलक्षित होती है। यह एमओयू दोनों पक्षों के बीच पिछले कुछ समय से चल रहे सार्थक शैक्षणिक संवादों का परिणाम है। हिब्रू विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय मामलों के उपाध्यक्ष प्रो. गाय हारपाज और उनकी टीम ने नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति तथा संकाय सदस्यों से भी संवाद किया है। माह के शुरू में हिब्रू विश्वविद्यालय के बौद्ध अध्ययन निदेशक एवं इतिहास, धर्म और क्लासिक्स अध्ययन संस्थान के प्रमुख प्रो. एवीअतार शुलमैन ने नालंदा विश्वविद्यालय में एक विशिष्ट व्याख्यान भी दिया। यह एमओयू संकाय एवं छात्र आदान–प्रदान के लिए एक महत्वपूर्ण प्रेरक के तौर पर काम करेगा।



इसके माध्यम से संयुक्त शोध पहल, अकादमिक विनिमय, समेकित अध्यापन तथा दोनों देशों के बीच गहन सभ्यतागत संवाद को प्रोत्साहित किया जायेगा। कुलपति प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने कहा कि हिब्रू विश्वविद्यालय के साथ यह समझौता दोनों देशों के प्राचीन संबंधों को और सुदृढ़ करेगा। हमारे संकाय और विद्यार्थियों के लिए बेहतर शोध अवसर सृजित करेगा। विद्यार्थियों के शोध कौशल, नवाचार क्षमता और करियर संभावनाओं को नई दिशा प्रदान करेगा। नालंदा विश्वविद्यालय हिब्रू विश्वविद्यालय के साथ मिलकर शोध उत्कृष्टता को आगे बढ़ाने, अंतर–सांस्कृतिक समझ को प्रोत्साहित करने और दा. `नों देशों के बीच स्थायी शैक्षणिक सेतु निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है।

## प्रजापति (कुम्हार) समाज के विकास को लेकर विधानसभा में उठी आवाज, माटीकला बोर्ड गठन एवं आर्थिक सहायता की मांग






**केशववाणी संजीव कुमार बिट्टू की रिपोर्ट, बिहारशरीफ (नालंदा)।** बिहार विधानसभा के सत्र के दौरान बिहारशरीफ विधानसभा क्षेत्र के माननीय विधायक डॉ. सुनील कुमार ने सदन के पटल पर प्रजापति (कुम्हार) समाज के सामाजिक, आर्थिक एवं पारंपरिक रोजगार से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे को गंभीरता से उठाया।
उन्होंने कहा कि बिहार में प्रजापति (कुम्हार) समाज की बड़ी आबादी सदियों से मिट्टी के बर्तन निर्माण, मूर्ति निर्माण एवं माटीकला जैसे पारंपरिक उद्योगों से जुड़ी रही है। यह समाज राज्य की सांस्कृतिक पहचान एवं लोक परंप. राओं को जीवित रखने में महत्वपूर्ण योगदान देता रहा है, लेकिन बदलते समय, आधुनिक तकनीक की कमी, पूंजी के अभाव एवं सरकारी प्रोत्साहन नहीं मिलने के कारण इस समाज के कारीगर आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। विधायक डॉ. सुनील कुमार ने सदन को अवगत कराया कि देश के कई राज्यों जैसे राजस्थान, मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में माटीकला उद्योग को बढ़ावा देने तथा प्रजापति (कुम्हार) समाज के उत्थान के लिए माटीकला बोर्ड का गठन किया गया है, जिसके माध्यम से कारीगरों को प्रशिक्षण, आधुनिक उपकरण, विपणन सुविधा एवं आर्थिक सहयोग प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने बिहार सरकार से मांग करते हुए कहा कि राज्य में भी लाखों प्रजापति (कुम्हार) परिवारों के सर्वांगीण विकास एवं पारंपरिक रा. `जगार को संरक्षित करने के उद्देश्य से शीघ्र अपने संबोधन के अंत में विधायक डॉ. सुनील कुमार ने सदन से विशेष आग्रह करते हुए कहा कि प्रजापति (कुम्हार) समाज के कारीगरों एवं युवाओं को स्वरोजगार के लिए न्यूनतम ब्याज दर पर 10 लाख तक का ऋण उपलब्ध कराया जाए तथा उस पर 25 प्रतिशत सब्सिडी देने की व्यवस्था लागू की जाए, जिससे वे आधुनिक मशीनों एवं संसाधनों के माध्यम से अपने व्यवसाय को विकसित कर आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने कहा कि सरकार की सकारात्मक पहल से न केवल पारंपरिक माटीकला उद्योग को नया जीवन मिलेगा, बल्कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और आत्मनिर्भर बिहार के निर्माण को भी मजबूती मिलेगी। बिहार कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति के जिला सचिव (नालंदा) संजीव कुमार बिट्टू की ओर से बिहारशरीफ के विधायक डॉ. सुनील कुमार को पूरे बिहार के प्रजापति समाज की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया गया। उन्होंने कहा कि विधायक डॉ. सुनील कुमार ने बिहार विधानसभा में प्रजापति (कुम्हार) समाज के हितों और माटीकला उद्योग के विकास का मुद्दा मजबूती से उठाकर समाज की आवाज को सदन तक पहुंचाया है। इसके लिए समाज उनके प्रति आभार प्रकट करता है।




# होली में नेचर और जू सफारी तीन दिन और रोपवे दो दिन रहेगा बंद, सोमवार से बुधवार तक नेचर व जू सफारी बंद

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर।. राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (राजगीर)।** ग्लास स्काई वॉक वाला नेचर सफारी एवं जू सफारी दो मार्च से लगतार तीन दिनों तक पर्यटकों के लिए बंद रहेगा। वहीं रोपवे भी 4 और 5 मार्च को बंद रहेगा। जू सफारी के निदेशक राम सुंदर राम व डीएफओ राजकुमार एम ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर कहा कि तीन मार्च मंगलवार और चार मार्च बुधवार को पर्यटकों के लिए बंद रखा गया है। वहीं दो मार्च सोमवार को साप्ताहिक बंदी के कारण बंद रहेगी। यह फैसला सुरक्षा व्यवस्था, विधि–व्यवस्था तथा पर्व के दौरान आवश्यक प्रशासनिक सतर्कता को लेकर लिया गया है। होली के अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय एवं बाहरी पर्यटक राजगीर पहुंचते हैं। ऐसे में भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा और कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दोनों प्रमुख पर्यटन स्थलों का संचालन अस्थायी रूप से स्थगित किया गया है। इसी प्रकार रोपवे होली के दिन चार मार्च और उसके एक दिन बाद पांच मार्च को बंद रहेगा।




रोपवे प्रबंधक दीपक कुमार ने यह जानकारी दी है। प्रशासन ने पर्यटकों से अपील की है कि वे उक्त तिथियों में इससे संबंधित अपनी यात्रा की योजना न बनाएं। नेचर और जू सफारी 5 मार्च से पुनः नियमित रूप से खुल जायेगी। वहीं रोपवे 6 मार्च से पर्यटकों के लिए पहले की तरह खोल दिये जायेंगे।

# बेलसर में होली के रंग में सियासत का संग! कौशलेन्द्र कुमार ऊर्फ छोटे मुखिया ने भरी पंचायत चुनाव की हुंकार

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट, बिहार शरीफ नालंदा।** नालंदा विकास मोर्चा के बैनर तले नालंदा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बेलसर में होली के अवसर पर भव्य होली मिलन समारोह सह रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी छोटे मुखिया उर्फ कौशलेंद्र कुमार ने किया। समारोह में हजारों हजार की संख्या में कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही, जिससे पूरा परिसर उत्साह और उमंग से सराबोर हो उठा। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने एक–दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे तथा सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया। साथ ही साथ लोगों ने रंगारंग कार्यक्रम के दौरान नर्तकियों के नृत्य पर ठुमके भी लगे। जिससे होली मिलन में आए युवा वर्ग में काफी जो शासन देखने को मिला। अपने संबोधन में कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि होली प्रेम, एकता और सद्भाव का पर्व है। यह त्योहार समाज में व्याप्त मतभेदों को समाप्त कर लोगों को एक सूत्र में बांधने का काम करता है। उन्होंने सभी से अपील की कि पुराने गिले–शिकवे भुलाकर आपसी सौहार्द को मजबूत करें। साथ ही साथ उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि होली मिलन समारोह का उद्देश्य केवल त्योहार मनाना नहीं, बल्कि आने वाले पंचायत चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं को संगठित करना और रणनीति तैयार करना भी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अभी से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने में जुट जाएं, ताकि आगामी चुनाव में बेहतर प्रदर्शन किया जा सके।



कार्यक्रम में आए महिला कलाकारों ने कहा कि नालंदा विकास मोर्चा के बैनर चले इस होली मिलन समारोह के दौरान रंगारंग कार्यक्रम में काफी शालीनता का परिचय लोगों ने दिया और ही अपने अनुशासन की मर्यादा को कायम रखा। इसके साथ इन्होंने यह भी कहा कि कौशलेंद्र कुमार छोटे मुखिया जी अपने क्षेत्र का नायक बन जाए और जब भी कभी विधानसभा का चुनाव हो तब अपने क्षेत्र का विधायक बन जाएं।

कार्यक्रम में क्षेत्र के कई प्रमुख सामाजिक एवं राजनीतिक व्यक्तित्वों के साथ बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में उत्सव के रंग के साथ राजनीतिक सक्रियता का भी माहौल देखने को मिला।

## कतरीसराय में सीपीआई का अंचल कार्यालय घेराव, जनसमस्याओं को लेकर सौंपा मांगपत्र


**केशववाणी गुड्डू कुमार की रिपोर्ट, कतरीसराय नालंदा।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की अंचल कमिटी, कतरीसराय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विभिन्न जनसमस्याओं एवं सरकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने की मांग को लेकर अंचल कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने अंचलाधिक. ारी को मांगपत्र सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की।

धरना–प्रदर्शन में महागठबंधन के घटक दलों ने भी नैतिक समर्थन दिया। सभा को संबोधित करते हुए नेताओं ने केंद्र सरकार की अमेरिकादृभारत ट्रेड डील का कड़ा विरोध करते हुए इसे किसान और मजदूर विरोधी करार दिया। उन्होंने इस ट्रेड समझौते को तत्काल रद्द करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने मांग रखी कि अकुशल श्रमिकों को 100 दिनों के बजाय 200 दिनों का रोजगार सुनिश्चित किया जाए। साथ ही पुरानी पेंशन योजना को अविलंब लागू करने की मांग भी उठाई गई। सभा में सभी भूमिहीन परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर पांच डिसमिल जमीन और आवास उपलब्ध कराने की बात कही गई।



इसके अतिरिक्त राशन कार्ड में कथित रूप से की जा रही अनुचित कटौती पर रोक लगाने, कोऑपरेटिव सोसायटी के माध्यम से किसानों की उपज की शत–प्रतिशत खरीद सुनिश्चित करने तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करने की मांग की गई।

नेताओं ने कहा कि भूमिहीन परिवारों को क्लस्टर स्तर पर आवास उपलब्ध कराया जाए, जिसमें सामुदायिक भवन के साथ सरकार की सप्त निश्चय योजना के सभी लाभ शामिल हों। सभा को वरीय कम्युनिस्ट नेता सत्येंद्र कृष्णम, माहेश्वरी सिंह, अभिषेक कुमार, अमरेन्द्र प्रताप, राहुल कुमार, विकास कुमार एवं नबेंदु झा सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया। अंत में नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार उनकी मांगों पर शीघ्र और गंभीरता से विचार नहीं करती है, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।









# कटवा रसलपुर में निकली भव्य शोभायात्रा पवनसुत बजरंगबली की प्रतिमा स्थापना की तैयारी

**केशववाणी । रानी सिन्हा की रिपोर्ट,** इस्लामपुर (नालंदा)। इस्लामपुर प्रखंड अंतर्गत वरदाहा पंचायत के कटवा रसलपुर गांव में श्रद्धालु महिलाओं ने उपवास रखकर भव्य शोभायात्रा निकाली। सैकड़ों महिलाएं नए परिधान में सिर पर शुद्ध कलश लेकर धार्मिक आस्था के साथ यात्रा में शामिल हुईं। शोभायात्रा का नेतृत्व पंचायत के मुखिया रंजीत मिस्त्री एवं उपमुखिया रंजीत यादव ने संयुक्त रूप से किया। यात्रा कटवा रसलपुर गांव से प्रारंभ होकर पचरुखिया होते हुए पुनः कटवा रसलपुर स्थित गौरैया स्थान तक पहुंची। पूरे मार्ग में भक्ति गीतों और जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि कटवा रसलपुर गांव के गौरैया स्थान के समीप पवनसुत बजरंगबली की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। प्रतिमा स्थापना के साथ विधि–विधानपूर्वक प्राण–प्रतिष्ठा समारोह आयोजित होगा।धार्मिक अनुष्ठान के दौरान गौरैया स्थान पर 24 घंटे का रामधुन हरिकीर्तन सह अखंड यज्ञ आयोजित किया जाएगा। यज्ञ की पूर्णाहुति के उपरांत ग्रामीणों के बीच प्रसाद का वितरण किया जाएगा।



धार्मिक अनुष्ठान के दौरान गौरैया स्थान पर 24 घंटे का रामधुन हरिकीर्तन सह अखंड यज्ञ आयोजित किया जाएगा। यज्ञ की पूर्णाहुति के उपरांत ग्रामीणों के बीच प्रसाद का वितरण किया जाएगा।





# कतरीसराय में अश्लील गीतों पर सख्ती डीजे संचालकों को पुलिस की चेतावनी

**केशववाणी अमर वर्मा की रिपोर्ट, की रिपोर्ट**। कतरीसराय(नालंदा)। शादी समारोह और होली पर्व के दौरान डीजे पर अश्लील भोजपुरी गीत बजाए जाने की लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कतरीसराय के थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले डीजे संच. ालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष ने कहा कि शादी और होली जैसे पारंपरिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों की आड़ में कई स्थानों पर डीजे के माध्यम से अश्लील और आपत्तिजनक भोजपुरी गीत बजाए जा रहे हैं, जिससे आम लोगों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों को असहज स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। इसे सामाजिक मर्यादा और सांस्कृतिक मूल्यों के विरुद्ध बताते हुए उन्होंने कहा कि पुलिस ऐसी गतिविधियों को किसी भी परि. स्थिति में बर्दाश्त नहीं करेगी।उन्होंने सभी डीजे संचालकों को सख्त निर्देश दिया है कि वे अश्लील और आपत्तिजनक गीतों का प्रसारण तुरंत बंद करें। यदि निर्देशों की अवहेलना की गई तो संबंधित डीजे उपकरण जब्त कर लिए जाएंगे। साथ ही दोषियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूलने और आवश्यकता पड़ने पर जेल भेजने की भी प्रक्रिया अपनाई जाएगी। थानाध्यक्ष ने अभिभावकों, आयोजनकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों से भी अपील की है कि वे सामा. जिक वातावरण को स्वस्थ और शालीन बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि त्योहारों और खुशियों के अवसरों को मर्यादा और सभ्यता के साथ मनाना ही समाज के लिए उचित संदेश देता है।

# सरथा देवी स्थान मंदिर में २४ घंटे का अखंड कीर्तन संपन्न, श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण

**केशववाणी सुनील कुमार की रिपोर्ट,**। हरनौत(नालंदा)। सरथा गांव स्थित देवी स्थान मंदिर में आयोजित 24 घंटे का अखंड कीर्तन शुक्रवार को श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हो गया। आयोजनकर्ताओं ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां भगवती देवी स्थान परिसर में ग्रामवासियों के सहयोग से अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया।
अखंड कीर्तन को लेकर मंदिर परिसर को फूल–मालाओं से भव्य रूप से सजाया गया था। 'हरे राम, हरे कृष्ण' के जाप से पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। कीर्तन में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजकों ने जानकारी दी कि अखंड कीर्तन के एक दिन पूर्व 151 महिला श्रद्धालुओं एवं कन्याओं द्वारा भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई थी, जिसने पूरे गांव का वातावरण धार्मिक रंग में रंग दिया। इस अवसर पर हरनौत नगर पंचायत के उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह समाजसेवी सुरेश सिंह भी कीर्तन में शामिल हुए और श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन से समाज में आपसी भाईचारा और सौहार्द की भावना मजबूत होती है।



अखंड कीर्तन की पूर्णाहुति के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महेश चंद्र सिंह, पिंकी कुमारी, विनीता देवी, प्रियंका कुमारी, सर्वेश कुमार, पुरोहित शशि भूषण पांडे, हंसराज पांडे, दिनेश पांडे तथा कार्यकर्ता शुभम कुमार, अमित कुमार, वैभव कुमार, सानू कुमार, सुमित कुमार सहित समस्त ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा।




## ओली विगहा प्राथमिक विद्यालय में बाल मेला का आयोजन, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**केशववाणी** थरथरी ।(नालंदा)। थरथरी प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय ओली विगहा के प्रांगण में शुक्रवार को 'सपोर्ट फ्री प्राइमरी' कार्यक्रम के तहत बाल मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाध्यापिका सुनैना कुमारी ने की तथा फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर बच्चों की चहचहाहट और उत्साह से गुलजार रहा। बाल मेला में बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए विभिन्न शैक्षणिक एवं खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया और अपनी रचनात्मकता एवं प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में सफल प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण भी किया गया, जिससे बच्चों का उत्साह और बढ़ गया। प्रभारी प्रधानाध्यापिका सुनैना कुमारी ने कहा कि प्रारंभिक कक्षाओं में खेल–खेल के माध्यम से शिक्षा देने से बच्चों की बुनियाद मजबूत होती है। इस प्रकार के आयोजन बच्चों के मानसिक, बौद्धिक एवं शारीरिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



कार्यक्रम में शिक्षक अजय कुमार, कृष्ण कुमार, ब्रजेश कुमार, कौशल कुमार, धर्मेंद्र चौधरी, सेविका प्रभ. ावती कुमारी सहित विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे और आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया।






# पुलिस सप्ताह पर एकंगरसराय में जागरूकता कार्यक्रम
## साइबर क्राइम व बच्चों की सुरक्षा पर दिया गया व्याख्यान

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट, एकंगरसराय (नालंदा)**। पुलिस सप्ताह के उपलक्ष्य में एकंगरसराय थाना क्षेत्र स्थित St-Mary School में साइबर क्राइम, बच्चों की सुरक्षा, अभया ब्रिगेड एवं मद्य निषेध विषयों पर जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन एकंगरसराय थाना पुलिस द्वारा किया गया।

इस अवसर पर थानाध्यक्ष अखिलेश झा एवं हिलसा–2 के एसडीपीओ कुमार ऋषिराज ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को संबोधित किया। अधिकारियों ने साइबर अपराध से बचाव के उपायों, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन ठगी से सतर्क रहने तथा व्यक्तिगत जानकारी साझा करने में सावधानी बरतने की सलाह दी।

इसके साथ ही बच्चों की सुरक्षा, अभया ब्रिगेड की भूमिका तथा मद्य निषेध कानून के प्रावधानों की भी विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने कहा कि जागरूकता ही अपराध से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को देने की अपील की।



कार्यक्रम के दौरान छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने प्रश्न भी पूछे। पुलिस अधिकारियों ने सभी जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए सुरक्षित एवं जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया।

# भागवत कथा के छठे दिन २४ घंटे का रुद्र महायज्ञ प्रारंभ, पूर्णाहुति पर होगा भंडारा



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट**,। हरनौत (नालंदा)। हरनौत प्रखंड अंतर्गत डिहरी पंचायत के हासनचक गांव स्थित घटेश्वर महादेव मंदिर परिसर में शुक्रवार की सुबह 24 घंटे के रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। यह आयोजन भागवत कथा के छठे दिन संपन्न हो रहा है। यज्ञकर्ता बाबा शंभू मिश्रा ने बताया कि रुद्र महायज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है और श्रद्धालुओं में सद्भाव, एकता एवं भाईचारे की भावना सुदृढ़ होती है। यज्ञ का शुभारंभ ग्रामीणों और मंदिर के पुजारियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। पुजारी ललन कुमार, महादेव पासवान, पप्पू कुमार, लालबचन पासवान, कारू राम एवं भगवान पासवान ने बताया कि रुद्र महायज्ञ की तैयारी लगभग तीन माह पूर्व से की जा रही थी। ग्रामीणों के सहयोग से करीब आठ लाख रुपये की लागत से मंदिर का नव निर्माण कराया गया है, जिसका नामकरण 'घटेश्वर महादेव मंदिर' रखा गया है। यज्ञ की पूर्णाहुति के बाद भंडारा का आयोजन किया जाएगा, जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। आयोजकों ने बताया कि 22 फरवरी से 28 फरवरी तक भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। भागवत वक्ता रविकृष्ण दुबे ने कथा के छठे दिन चीर हरण प्रसंग पर विस्तार से विचार व्यक्त किए। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से सहभ. ागिता की और तालियों की गूंज से वातावरण भक्तिमय बना रहा। कथा में महिलाओं की सहभागिता उल्लेखनीय रही। आसपास के गां. वों से भी बड़ी संख्या में महिला–पुरुष एवं बुजुर्ग श्रद्धालु प्रतिदिन कथा श्रवण के लिए पहुंच रहे हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल बना हुआ है।

# हरनौत में सीपीआई का धरना, जन मुद्दों को लेकर प्रखंड व अंचल कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट**,। हरनौत (नालंदा)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की आंचल कमेटी हरनौत के बैनर तले जनसमस्याओं को लेकर प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के समक्ष धरना कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंचल सचिव रामप्रवेश सिंह ने की। धरना में दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। धरना को संबोधित करते हुए जिला सचिव राज किशोर प्रसाद ने कहा कि पूरे देश में अस्थिरता का माहौल बना हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार सीबी. आई, ईडी, चुनाव आयोग, न्यायालय और पुलिस तंत्र का दुरुपयोग कर संविधान की मूल भावना को कमजोर कर रही है। उन्होंने कहा कि किसानों और मजदूरों के पक्ष में बने कानूनों को समाप्त कर बड़े पूंजीपतियों के हितों को प्राथमिकता दी जा रही है। साथ ही उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बिहार की सरकार केंद्र की नीतियों का अनैतिक समर्थन कर रही है। उन्होंने राज्य में बढ़ते भ्रष्टाचार, अपराध, लूट, हत्या और बलात्कार की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कानून–व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक है। छात्रा हत्याकांड जैसे मामलों में सरकार की चुप्पी पर भी उन्होंने सवाल उठाए।



धरना को संबोधित करते हुए सकलदेव यादव ने कहा कि बीडीओ और सीओ का दायित्व है कि वे जनता की समस्याओं का समाधान करें और लागू कानूनों को प्रभावी रूप से धरातल पर उतारें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जनसमस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो प्रखंड कार्यालय का घेराव किया जाएगा। धरना के उपरांत 9 सूत्री मांगों को लेकर अंचल मंत्री रामप्रवेश सिंह के नेतृत्व में पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। अधिकारियों ने मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# बिहारशरीफ में आईएमए का 22वां वार्षिक अधिवेशन 1 मार्च को, 250 से अधिक चिकित्सक होंगे शामिल




**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट**। हरनौत (नालंदा)। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) का 22वां वार्षिक अधिवेशन सह मिलन समारोह आगामी 1 मार्च को शहर के आईएमए हॉल परिसर में आयोजित किया जाएगा। एक दिवसीय इस सम्मेलन की तैयारियां जोर–शोर से चल रही हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य चिकित्सा क्षेत्र में विकसित हो रही आधुनिक पद्धतियों और तकनीकों पर विशेषज्ञों के बीच विस्तृत मंथन करना है, ताकि मरीजों को बेहतर और प्रभावी उपचार उपलब्ध कराया जा सके। आईएमए के जिला अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार एवं आयोजन सचिव डॉ. धनंजय कुमार ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि यह संगठन का 22वां मिलन समारोह है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा जगत में प्रतिदिन हो रहे नवाचार, नई तकनीकों और अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी चिकित्सकों के बीच साझा करना समय की मांग है। ऐसे आयोजन से डॉक्टरों को नवीनतम उपचार पद्धतियों से अवगत होने का अवसर मिलता है, जिसका सीधा लाभ मरीजों को मिलता है।इस वर्ष सम्मेलन के मुख्य अतिथि पटना के प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. बी. बी. भारती होंगे। वे हृदय रोग से जुड़ी नई चुनौतियों, बदलती जीवनशैली के प्रभाव तथा आधुनिक उपचार विकल्पों पर विस्तृत व्याख्यान देंगे। सम्मेलन में जिले भर के लगभग 250 से अधिक चिकित्सकों के भाग लेने की संभावना है। कार्यक्रम के विभिन्न सत्रों में अनुभवी चिकित्सक अपने शोध, अनुभव और चिकित्सा क्षेत्र में आए बदलावों पर विचार रखेंगे। आयोजन को सफल बनाने में डॉ. अजय कुमार, सचिव डॉ. अभिषेक कुमार, डॉ. चंदेश्वर प्रसाद, डॉ. दीनानाथ डॉ. अमरदीपनारायण, डॉ. रश्मिनारायण, सहित अन्य चिकित्सकों की सक्रिय भूमिका है। आईएमए के इस वार्षिक अधिवेशन को लेकर चिकित्सकों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

# बंगोरिया गांव से मिनी राइफल के साथ युवक गिरफ्तार, आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट**, । वेना (नालंदा)। वेना थाना क्षेत्र के बंगोरिया गांव से पुलिस ने एक मिनी राइफल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान बंगोरिया गांव निवासी जोगिंदर चौहान के पुत्र अक्षय कुमार के रूप में की गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए सदर डीएसपी टू संजय कुमार जायसवाल ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में बताया कि गुरुवार की संध्या वेना स्टेशन चौक पर दो–तीन व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में बैठे हुए थे। संध्या गश्ती के दौरान पुलिस वाहन को देखकर सभी व्यक्ति भागने लगे। संदेह होने पर सशस्त्र बल के सहयोग से एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम अक्षय कुमार बताया, लेकिन भागने का संतोषजनक कारण नहीं बता सका। संदेह के आधार पर जब उसके मोबाइल की जांच की गई तो उसमें मिनी राइफल के साथ उसकी तस्वीरें और हथियार का प्रदर्शन करते हुए अन्य फोटो मिले। मिनी राइफल के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर युवक ने अपने घर में हथियार रखे होने की बात स्वीकार की। वरीय अधिकारियों को सूचना देने के बाद पुलिस टीम ने उसकी निशानदेही पर बंगोरिया स्थित घर से एक मिनी राइफल बरामद कर विधिवत जब्त कर लिया।




पुलिस ने मिनी राइफल और एक स्मार्टफोन जब्त करते हुए आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। गिरफ्तार अभियुक्त के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है। पुलिस ने उसे न्यायालय में प्रस्तुत कर अग्रेतर विधि सम्मत कार्रवाई शुरू कर दी है।

अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120